हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 उत्साह से मनाया गया भाई-बहन के स्नेह का त्यौहार भाई दूज



09 मुकाबले को लेकर उत्साह, पड़ों की लड़ाई देखने के लिए उमड़ता...



खबर संक्षेप

जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक, टोकन से मिलेगा

विदिशा। जिले में रबी फसलों के लिए कृषि विभाग ने डबल लॉक केंद्रों और निजी विक्रय केंद्रों पर यूरिया, डीएपी, टीएसपी और एनपीके का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया है। किसान अपनी जरूरत के अनुसार टोकन बुक कर खाद प्राप्त कर सकते हैं। 11 नवंबर की स्थिति में विदिशा डबल लॉक केंद्र पर 54 टन यूरिया, 40 टन डीएपी और 51 टन टीएसपी उपलब्ध है। वहीं बासौदा, सिरोंज, कुरवाई, ग्यारसपुर और शमशाबाद सहित अन्य केंद्रों पर भी खाद का भंडारण किया गया है। निजी विक्रय केंद्रों पर भी खाद उपलब्ध है। कृषि विभाग ने किसानों से जरूरत के अनुसार खाद लेने और अनावश्यक भंडारण से बचने की अपील की है।

कॉलोनी के सामने लगा कचरे का ढेर

विदिशा। बालाजी ऑर्किड कॉलोनी के सामने जगह - जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान रहवासियों ने घरों का कचरा सड़क किनारे फेक दिया था, लेकिन इसकी सफाई नहीं हो पा रही है। पूरनपुरा गली नंबर 5 में सिर्फ मेवाराम गार्डन तक ही नगरपालिका के कर्मचारी नालियों की सफाई करते हैं, लेकिन इसके आगे कभी नहीं जाते। यह रास्ता बायपास तक जाता है, लेकिन यहां पर स्ट्रीट लाइट और सड़क किनारे नालियां तक नहीं हैं, सड़क भी ऊबड़ खाबड़ हो चुकी है। स्थानीय रहवासियों ने नगरपालिका से बायपास तक स्ट्रीट लाइट लगाने और जल्द से जल्द नाली निर्माण और पूरनपुरा गली नंबर 5 की सड़क निर्माण की मांग की है।

हलाली कॉलोनी के पीछे संचालित गैराज में खाद्य विभाग की दबिश

घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में भर रहे थे गैस, 13 सिलेंडर व दो मोटर जब्त

घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल वाहनों में एलपीजी भरने के लिए किया जा रहा था। खाद्य विभाग की जांच में हलाली कॉलोनी स्थित एक गैराज में अवैध रिफिलिंग का मामला सामने आया है। टीम ने मौके से 13 घरेलू गैस सिलेंडर और दो इलेक्ट्रिक मोटर जब्त की हैं। पूछताछ में मैकेनिक ने व्यावसायिक रूप से वाहनों में गैस भरने की बात स्वीकार की, जिसके बाद संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग घरों में खाना बनाने के बजाय वाहनों में एलपीजी भरने के लिए किया जा रहा था।

खाद्य विभाग की जांच में घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग का यह मामला सामने आया है। टीम ने मौके से 13 घरेलू गैस सिलेंडर और रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाली दो इलेक्ट्रिक मोटर जब्त की हैं। इनमें सात सिलेंडर सील पैक और छह खाली थे। मामले में गैराज संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव के समक्ष कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सत्यपाल सिंह जादौन ने हलाली कॉलोनी स्थित सम्राट अशोक सागर परियोजना कार्यालय के पीछे संचालित एक गैराज की जांच की। जांच के दौरान गैराज में मैकेनिक नफीस खान मौजूद मिला। टीम ने उसकी उपस्थिति में गैराज की तलाशी ली तो वहां 14.2 किलोग्राम क्षमता के 13 घरेलू गैस सिलेंडर रखे मिले। इनमें सात सिलेंडर सील पैक थे, जबकि छह खाली थे। इसके अलावा गैस रिफिलिंग में उपयोग की जाने वाली दो

मैकेनिक ने पूछताछ में कबूला व्यावसायिक रूप से गैस भरते थे



गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दिए सिलेंडर

कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से सभी 13 गैस सिलेंडर और दो इलेक्ट्रिक मोटर जब्त कर लीं। जब्त सामग्री को विदिशा गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दिया गया है। विभाग ने संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडरों का निर्धारित घरेलू उपयोग के अलावा अन्य कार्यों में इस्तेमाल करना प्रतिबंधित है। जिले में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, उपयोग और रिफिलिंग पर निगरानी रखी जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

साहब... जरा एक नजर इधर भी देखें

शहर में संचालित शादी, पार्टियों में खाना बनाने वाले केटर्स भारी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं। शहर के बड़े- बड़े केटर्स के पास दर्जनों से अधिक घरेलू गैस सिलेंडर रखे हुए हैं। इनकी संख्या इतनी है कि केटर्स ने सिलेंडरों को रखने के लिए बकायदा गोदाम बना रखे हैं, लेकिन इनकी कभी जांच नहीं की जाती, शादियों, पार्टियों सहित अन्य बड़े आयोजनों में खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा है। खाद्य विभाग को इधर भी ध्यान देना चाहिए।

विभाग की टीम ने जब मैकेनिक से सिलेंडरों और मोटरों के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में एलपीजी भरने का काम व्यावसायिक रूप से किया जाता है। यानी घरेलू उपयोग के लिए मिलने वाली गैस का इस्तेमाल वाहनों में ईंधन के रूप में किया जा रहा था। यह नियमों का उल्लंघन है।

प्रदर्शन में नारेबाजी



किसानों के अपमान पर कांग्रेस का हल्ला बोल माधवगंज चौराहे पर रीवा सांसद का पुतला फूंका

सांसद जनार्दन मिश्रा के बयान पर भड़के कांग्रेसी, भाजपा के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

किसानों को लेकर रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में बुधवार को विदिशा में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।

माधवगंज चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद का पुतला दहन कर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सांसद ने किसानों को नशेड़ी और गांजा पीने वाला बताकर अन्नदाताओं का अपमान किया है।

उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था और खाद्यान्न व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके प्रति इस तरह की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में किसान कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने सांसद के बयान की निंदा करते हुए भाजपा से इस मामले में जवाब देने की मांग की।

सांसद ने किसानों को नशेड़ी और गांजा पीने वाला बताकर अपमान किया।

काफी मशक्कत के बाद आखिरकार युवक को सुरक्षित निकाला

बांध में डूब रहे युवक के लिए देवदूत बने आपदा मित्र, सीपीआर देकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद के समीप स्थित बांध में डूब रहे युवक के लिए आपदा मित्र देवदूत बनकर पहुंचे। युवक को डूबता देख आपदा मित्रों ने बिना समय गंवाए गहरी पानी में छलांग लगा दी और कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला। उनकी तत्परता से एक बड़ी अनहोनी टल गई। जानकारी के अनुसार, शमशाबाद के ब्राह्मण मोहल्ला निवासी प्रिंस चौबे पिता राजकुमार चौबे बांध के पानी में डूब रहे थे। मौके पर मौजूद आपदा मित्रों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान जाहिद हसीन, विक्की बल्ली, जावेद कलेक्टर, सोनू, सलमान खालिद और ऋषि ने साहस और टीम भावना का परिचय देते हुए युवक की जान बचाई। इस कार्य की स्थानीय नागरिकों के साथ जिला होमगार्ड और एसडीईआरएफ विदिशा ने भी सराहना की। आपदा मित्रों के इस साहसिक प्रयास को प्रेरणादायी बताया।



विदिशा। पांच युवाओं ने मिलकर बचाई डैम में डूबन रहे युवक की जान।

स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय तीरंदाजी स्पर्धा

भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे साकेत से 14 खिलाड़ी



विदिशा। स्टेशन से रवाना हुए खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा तीरंदाजी प्रतियोगिता 12 से 15 नवंबर तक इटारसी में आयोजित की जा रही है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन के अंतर्गत आयोजित हो रही है, जिसमें संपूर्ण मध्य प्रदेश के विभिन्न संभागों से चयनित धनुर्धर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला विदिशा के प्रतिष्ठित साकेत शिक्षण संस्थान के 14 खिलाड़ी इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। विदिशा रेलवे स्टेशन से सभी 14 खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ इटारसी के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर साकेत समिति के गणमान्य सदस्य, संस्था के पदाधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। संस्था ने विश्वास जताया है कि साकेत के धुरंधर राज्य स्तर पर भी जिले और संभाग का नाम रोशन करेंगे।

दरगवां डेम की नहर का विधायक टंडन ने किया निरीक्षण, जल्द शुरू होगी जल आपूर्ति

विधायक ने मरम्मत कार्य प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विधायक मुकेश टंडन ने बुधवार को दरगवां डेम की नहर का निरीक्षण कर उसकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहर की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से शीघ्र पूरा करने और इसके माध्यम से जल आपूर्ति जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। विधायक टंडन ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए समय पर पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। नहर की मरम्मत में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए, ताकि किसानों को फसलों की सिंचाई में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कार्य की नियमित निगरानी करने और जल्द से जल्द नहर के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुचारू करने को कहा। निरीक्षण के दौरान विदिशा एसडीएम, सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



विदिशा। निरीक्षण के दौरान किसानों ने विधायक टंडन को बताईं समस्याएं।

व्यापारियों ने एक दूसरे से गले मिलकर दी दीपावली की बधाई

विदिशा। व्यापारी संघ द्वारा पुरानी गल्लामंडी स्थित गणेश मंदिर में पूजन-अर्चना और आरती के बाद दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनाज तिलहन उत्थान कल्याण संघ के अध्यक्ष राधेश्याम ने व्यापारियों से आपसी मनमुटाव और विवादों से दूर रहकर मिलजुलकर व्यापार करने की अपील की। उन्होंने सभी के व्यापार में निरंतर वृद्धि की कामना करते हुए दीपावली की बधाई दी। मधु बाबू अग्रवाल ने नई मंडी में जगह की कमी का मुद्दा उठाते हुए व्यापारियों से प्लॉट नहीं लेने और संघ को निस्वार्थ सहयोग देने का आग्रह किया। व्यापारियों ने नववर्ष के शुभ मुहूर्त में नीलामी के माध्यम से किसानों की उपज खरीदी।



एक्टिवा से सात पेटी अवैध शराब ले जाते दो गिरफ्तार

पुलिस ने पकड़ा, आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

करारिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक्टिवा से शराब की सात पेटियां लेकर जा रहे थे। पुलिस ने थाने के पास जांच के दौरान एक्टिवा सवार दोनों आरोपियों को रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध शराब की सात पेटियां बरामद हुईं। जब्त शराब और एक्टीवा वाहन की कीमत करीब 35 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। इसके साथ ही अवैध रूप से शराब का परिवहन और बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



एम्स की परीक्षा में आर्यन ने हासिल किया ऑल इंडिया 66वां स्थान

विदिशा। विदिशा के व्यापारी गुलशन खरबंदा के बेटे आर्यन खरबंदा ने आईएनआई-सीईटी परीक्षा में ऑल इंडिया 66वां स्थान हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने 99.9 पर्सेंटाइल के साथ यह सफलता प्राप्त की। इससे पहले वे मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज दिल्ली से चिकित्सा की पढ़ाई कर चुके हैं और संघ लोक सेवा आयोग की संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। आर्यन ने बताया कि कठिन तैयारी के दौरान कई बार निराशा हुई, लेकिन परिजनों ने आगे बढ़ने की ताकत दी। वे डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहते हैं। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी उनकी तैयारी में हरसंभव मदद करेंगे। उनकी सफलता से परिवार और शहर में खुशी का माहौल है।



रघुवीर चरण शर्मा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



विदिशा। हिंदी भवन में स्वतंत्रता सेनानी स्व. रघुवीर चरण शर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर रघुवीर चरण शर्मा स्वतंत्रता सेनानी परमार्थ न्यास द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें पूर्व वित्तमंत्री राघवजी, पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, एसडीएम मनीष जैन सहित गणमान्य नागरिकों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। भवन की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए प्रतापभानु शर्मा ने पुताई कराने की घोषणा की। वहीं एसडीएम जैन, अतुल शाह, सुनील जैन और गोविंद देवलिया ने भवन सुधार के लिए 11-11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

'सतयुग की बाट जोहता गायत्री संस्थान' विषय पर व्याख्यान माला 15 को होगी

गांधी स्मरण मंच और सर्वोदय मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन, मुकेश श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में रखेंगे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गांधी स्मरण मंच एवं सर्वोदय मंडल के संयुक्त तत्वावधान में मासिक सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला की अगली कड़ी 15 नवंबर को आयोजित होगी।

इसमें गायत्री प्रज्ञापीठ स्वर्णकार कॉलोनी के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी मुकेश श्रीवास्तव 'सतयुग की बाट जोहता गायत्री संस्थान' विषय पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री प्रज्ञापीठ के जिला समन्वयक मुकेश तिवारी करेंगे। आयोजन रविवार सुबह 11 बजे मां हॉस्पिटल, श्रीरामनगर में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत बापू के प्रिय भजनों और प्रस्तावना से होगी। इसके बाद मुख्य वक्ता करीब एक घंटे तक विषय पर व्याख्यान देंगे। व्याख्यान के बाद श्रोताओं को प्रश्न पूछने और अपने विचार रखने का अवसर भी मिलेगा।

व्याख्यानमाला का उद्देश्य विभिन्न संप्रदायों के विद्वानों और विचारकों को एक मंच पर लाकर गांधी विचारधारा के प्रकाश में सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर विचार मंथन करना है। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। गांधी स्मरण मंच के अध्यक्ष डॉ. सुरेश गर्ग सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने नागरिकों और प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को किया सम्मानित

कायस्थ समाज ने चित्रगुप्त पूजा के बाद चलाई कलम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

यम द्वितीया के अवसर पर बुधवार को कायस्थ परिवारों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कलम चलाई गई। वहीं शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ सभा द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई।

सुबह 9 बजे भगवान चित्रगुप्त का अभिषेक कर नवीन वस्त्र पहनाए गए। शाम 5:30 बजे अतिथियों की मौजूदगी में सम्मान समारोह और पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे भगवान चित्रगुप्त से अभिषेक हुई। सचिव अखिलेश सक्सेना द्वारा भगवान को नवीन वस्त्र धारण कराए गए। पूजन, आरती और प्रसादी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त रेंजर अशोक खरे, सेवानिवृत्त लेखापाल डीके सक्सेना और वरिष्ठ समाजसेवी उषा श्रीवास्तव अतिथि के रूप में शामिल हुए। शाम 5:30 बजे अतिथियों द्वारा भगवान चित्रगुप्त का पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। आमसभा में बायलॉज में संशोधन और नए बिंदु जोड़ने पर सहमति बनाई गई। इस अवसर पर मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। अंत में भगवान चित्रगुप्त की आरती और प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर में हर गुरुवार को समाज के एक व्यक्ति की ओर से महाआरती भी आयोजित की जाती है जिसमें सभी समाजजन शामिल होते हैं। यह क्रम सालों से चल रहा है, समाजजन भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

विदिशा। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

- कायस्थ परिवारों के घरों में भी हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा।

खबर संक्षेप

सर्दी ने दी दस्तक, सुबह-शाम बढ़ी ठंड

गंज बासौदा। दीपावली के त्योहार के बाद नगर सहित ग्रामीण अंचलों में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट के चलते ठंड का असर बढ़ने लगा है। सुबह और शाम के समय लोगों को ठंड महसूस होने लगी है। वहीं दिन में भी मौसम में हल्की ठंडक बनी हुई है। बदलते मौसम के साथ ही लोगों ने गर्म कपड़े निकालना शुरू कर दिए हैं। सुबह जल्दी घरों से निकलने वाले लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। वहीं रात के समय भी तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सर्दी का असर दिखाई देने लगा है। मौसम में आए इस बदलाव से अब धीरे-धीरे सर्दी का मौसम पूरी तरह दस्तक देने लगा है।

जोधपुर भोपाल एक्सप्रेस में लगेंगी अतिरिक्त बोगी

गंज बासौदा। जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस से सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे ने राहत दी है। ट्रेन में लगातार बढ़ रहे यात्रीभार को देखते हुए रेलवे ने इसमें एक अतिरिक्त सामान्य श्रेणी का कोच लगाने का निर्णय लिया है। इससे इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को जनरल कोच में पहले की तुलना में अधिक जगह मिल सकेगी। खासकर भीड़ के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को इसका फायदा होगा। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस में 30 नवंबर तक अतिरिक्त सामान्य श्रेणी का कोच लगाया जाएगा। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस में 1 दिसंबर तक यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यात्रियों की सुविधा और बढ़ते यात्री भार को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अतिरिक्त कोच लगने से संबंधित अवधि में यात्रियों को सामान्य श्रेणी में अधिक स्थान उपलब्ध होगा और भीड़ के दौरान सफर करना आसान होगा।

हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गुमटी पर गिरा

गंजबासौदा। नगर में बिजली विभाग की लापरवाही कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। गत दिवस मिल रोड स्थित एकता चौक पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब 11 केवी हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर एक गुमटी पर जा गिरा। करंट प्रवाहित विद्युत तार के जमीन के संपर्क में आते ही तेज धमाके के साथ चिंगारियां निकलने लगीं और वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। गनीमत रही कि तार किसी व्यक्ति के ऊपर नहीं गिरा, वरना जानलेवा हादसा हो सकता था। वार्ड क्रमांक 13 के रहवासियों ने बताया कि एकता चौक पर अचानक 11 केवी लाइन का तार टूटकर गुमटी पर गिर गया। उस समय वहां पर अनेक लोग बैठे हुए थे। तार गिरते ही तेज आवाज और चिंगारियां निकलने लगीं। लोगों ने दौड़कर अपनी जान बचाई। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति या मवेशी तार के संपर्क में आ जाता तो उसकी जान भी जा सकती थी।

नगर में अनेक स्थानों पर हुआ अन्नकूट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर में अनेक स्थानों पर अन्नकूट का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लिया। नगर के विभिन्न मंदिरों में प्रतिपदा के दिन देर रात तक अन्नकूट महोत्सव मनाया गया इस अवसर पर भगवान को विभिन्न प्रकार की भगवानों का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। स्टेशन रोड स्थित श्री नौलखी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव के आयोजन के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, महंत राममनोहर दास सहित अन्य साधु संतों ने श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। मंदिर में आयोजित धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सहभागिता की और भगवान के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट महोत्सव के चलते मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। नगर के मध्य स्थित मुरली मनोहर मंदिर धनुषधारी मंदिर में भगवान को भोग लगाकर आरती के पश्चात अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं नगर के प्रसिद्ध शीतला शक्ति धाम मंदिर में भी विशाल अन्नकूट महोत्सव मनाया गया यहां देर रात तक महोत्सव का आयोजन हुआ। वहीं श्री महाकाली मंदिर बालाजी दरबार में अन्नकूट महोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर माता रानी के दर्शन किए और धर्म लाभ लिया। मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष दीपावली के पश्चात यहां अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाता है, साथ ही भगवान के भजनों का आयोजन किया जाता है सबसे पहले प्रसादी का निर्माण कर भगवान को भोग लगाया गया उसके बाद लोगों को इसका वितरण भी किया। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

गौ सम्मान आह्वान अभियान की जिला स्तरीय बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गौमाता के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तृतीय चरण को लेकर गुरुवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक में 4 दिसंबर को भोपाल में प्रस्तावित विशाल गौ सम्मान सम्मेलन की तैयारियों और जिले से अधिक से अधिक गौभक्तों की सहभागिता सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार की जाएगी। यह महत्वपूर्ण बैठक दोपहर 1 बजे बरेठ रोड रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित होगी। इसमें मध्यप्रदेश के परम पूज्य सनातन शरण महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। बैठक में विदिशा जिले के समस्त गौसेवकों, मातृशक्ति, युवाओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। अभियान के जिला प्रभारी हरिओम ब्रह्मचारी महाराज ने बताया कि बैठक का प्रमुख उद्देश्य 4 दिसंबर को भोपाल में परम पूज्य मलूक पीठाधीश्वर आचार्य राजेंद्र दास महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले विशाल गौ सम्मान सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देना है। इसमें जिले के प्रत्येक क्षेत्र से गौभक्तों की अधिक से अधिक सहभागिता, जनजागरण और अभियान को व्यापक जनसमर्थन दिलाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। अभियान से जुड़े आयोजकों के अनुसार, वर्ष 1966 में करपात्री जी महाराज के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक गौ रक्षा आंदोलन के बाद इसे गौमाता के सम्मान और संरक्षण की दिशा में एक बड़े जनअभियान के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को गौमाता के सम्मान, संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प से जोड़ना है। आयोजकों ने सभी गौभक्तों, धर्मप्रेमियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और मातृशक्ति से आग्रह किया है कि वे 12 नवंबर को होने वाली बैठक में उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाएं।

बहनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाकर की लंबी आयु की कामना

उत्साह से मनाया गया भाई-बहन के स्नेह का त्यौहार भाई दूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





दीपावली के दो दिन बाद इलाके भर में यम द्वितीया यानि भाई दोज का पर्व उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इन दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं ने घरों में दोज की पूजन अर्चन कर होम धूप दिया और उसके बाद ही अपने काम काज शुरू किए। इसके बाद बहनों ने भी अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना की। साथ ही भाइयों ने भी बहनों को उपहार आदि भेंट किए। वहीं कायस्थ समाज ने भी भगवान चित्रगुप्त की जयंती मनाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए।

उल्लेखनीय है कि दीवाली के बाद भाई बहनों के स्नेह का प्रतीक पर्व भाई दोज मनाया जाता है। बुधवार को भाई दोज के अवसर पर गोबर से बनाई दोजों की पूजन अर्चन करते हुए उन्हें होम लगाया गया। इसके बाद घरों सहित कार्य स्थल पर यंत्र, उपकरणों, औजारों की पूजन कर उपयोग शुरू किया गया। दोज के अवसर पर नगर सहित इलाके भर में बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना की और उनसे उपहार आदि प्राप्त किए। इस मौके पर छोटे भाई बहनों में विशेष उत्साह रहा और छोटी बालिकाओं ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनसे चॉकलेट, खिलौने, रूपए सहित अन्य उपहार प्राप्त किए। वहीं यम द्वितीया भाई दूज के अवसर पर देवनगरी बेहलोट स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में गुरुवार को अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति के तत्वावधान में नगर के कायस्थ समाज द्वारा चित्रगुप्त मंदिर में सामूहिक रूप से आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त पूजन एवं कलम दवात की पूजा की गई। इस अवसर पर चित्रगुप्त कथा का वाचन, महाआरती व प्रसादी वितरण किया गया। सायंकाल मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। वहीं कृषि उपज मंडी में भी दोज के शुभ अवसर पर व्यापारियों ने अपने व्यापारिक वर्ष की शुरूआत की और मंडी नीलामी में मुहुर्त खरीदी की गई। जिससे किसानों के भी अपनी उपज के अच्छे भाव मिले। उधर दोज के अवसर पर नगर में अनेक तरह के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिनमें पारंपरिक पाडों की लडाई भी शामिल रही। जिसे देखने बडी संख्या में लोग पहुंचे।

सैंट एसआरएस के पांच खिलाड़ी फिर देंगे राज्य स्तर पर दस्तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में सेंट एसआरएस के अनेक खिलाड़ी अभी तक राज्य स्तर पर खेलकर अपने नाम के साथ-साथ संस्था का नाम रोशन कर चुके हैं। दिनांक 15 से 17 अक्टूबर तक नरसिंहगढ़ में आयोजित संभाग स्तरीय रोड साइकिल प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुनिश्चित किया है। विद्यालय के चयनित खिलाड़ी बालाघाट में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय रोड साइकिल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता दिनांक 12 से 17 नवम्बर तक संपन्न की जाएगी। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ी आयुष साहू कक्षा 7, चैतन्य जैन कक्षा 8, नक्ष साहू कक्षा 9, सुमित कुशवाह कक्षा 9, एवं ध्रुव बघेल कक्षा 10 का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया था। विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं विद्यालय प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों और उनके परिजनों को हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जिज्ञासा कोचिंग के विद्यार्थियों ने बासोदा जेल सहित कई सार्वजनिक स्थलों को रंगों से सजाया



गंजबासौदा। भगवत चिंतन सेवा समिति द्वारा निशुल्क संचालित जिज्ञासा कोचिंग क्लास के छात्रों द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपोत्सव के अवसर पर शासकीय कार्यालयों सहित सार्वजनिक स्थलों पर रंगोली बनाई। शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में बच्चों द्वारा रंगोली बनाई जाने का कार्य किया जा रहा था। इस अवसर पर दीपावली पर स्थानीय जेल में भी रंगोली बनाई गई। भगवत चिंतन सेवा समिति के संस्थापक मानव सेवा को ही नारायण सेवा मानने वाले प्रसिद्ध कथा वाचक अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने शामिल होकर बच्चों को प्रेरणा दी। बच्चों द्वारा बनाई जाने वाली अद्भुत आकर्षक रंगोली को देख खूब सराहा व छोटे-छोटे बच्चों की खूब प्रसंशा भी की है। उल्लेखनीय है कि निशुल्क कोचिंग के साथ-साथ प्रति वर्ष शासकीय कार्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर रंगोली बनाकर दीपावली मनाने की प्रेरणा भी श्री अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने ही दी है। रंगोली बनाने के लिए प्रति वर्ष हजारों रुपए के रंगोली के रंग भी भगवत चिंतन सेवा समिति ही देती है। समिति के संचालकों का कहना है कि इस प्रकार दीपावली का त्योहार मनाने से एक अलग की सकून की अनुभूति होती है। समिति के सदस्य अनिल रैकवार ने कहा कि जिज्ञासा कोचिंग क्लॉस में अधिकाश शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे गरीब परिवार से ही आते हैं। प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि गंजबासौदा में भागवत चिंतन सेवा समिति द्वारा निःशुल्क संचालित जिज्ञासा कोचिंग के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली एवं दीप मालाएं सजाई गई। जिसमें सम्मलित होकर खूब सुख प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह एक सकारात्मक भाव से सम्पन्न व्यक्ति कैसे अपने भाव को संपूर्ण वातावरण में स्थापित करता है यह कल देखने को मिला। उन्होंने जेलर बासोदा की प्रशंसा करते हुए कहा कि जेलर आलोक भार्गव द्वारा जो सात्विक, सौहार्दपूर्ण सकारात्मक भाव सम्पूर्ण व्यवस्थाओं में रख कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जा रहा है। वो निश्चित प्रसंशनीय है। कुसंग, विचारों की अपवित्रता ही हिंसा, अपराध, विवादों को प्रकट करती हैं। ऐसे में जेल में अपराधियों के मन, विचार की पवित्रता के लिए सग्रंथों का पठन पाठन, सुन्दर देवालय, पवित्र स्वच्छ वातावरण, सात्विक एवं पौष्टिक आहार उनके हृदय कोपरिवर्तित करने में बहुत सहायक सिद्ध होगा।

मुहुर्त खरीदी में गेहूं 4101 और सोयाबीन 8301 प्रति क्विं बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण गंजबासौदा में दूज का शुभ मुहूर्त बड़े ही धूमधाम, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संत राम मनोहर दास , नौलखी खालसा वालों का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। मुहुर्त खरीदी में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम अनुभा जैन, विधायक प्रतिनिधि तरवर रघुवंशी, अनाज एवं तिलहन संघ के वरिष्ठ व्यापारी सतीश जैन कटारे सहित संघ के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे। दूज के शुभ मुहूर्त पर मंडी में किसानों की उपज की खरीदी का शुभारंभ भी उत्साहपूर्वक हुआ। इस दौरान ग्राम मूड़रा के कृषक इंदर सिंह रघुवंशी अपनी गेहूं की फसल लेकर मंडी पहुंचे। उनकी गेहूं की उपज की बोली 4101 प्रति क्विंटल लगी, जिसे व्यापारी सुभाष ट्रेडर्स द्वारा उचित बोली लगाकर खरीदा गया। इस खरीदी में व्यापारी योगेश शाह की भी सहभागिता रही। इसी क्रम में ग्राम पचमा के कृषक लोकेश यादव अपनी सोयाबीन की उपज लेकर मंडी पहुंचे। उनकी सोयाबीन की फसल को 8301 प्रति क्विंटल का शानदार भाव प्राप्त हुआ। यह उपज बुंदेल सिंह, जगन्नाथ सिंह फर्म के संचालक शिवशरण सिंह रघुवंशी (शेबू) द्वारा उचित भाव लगाकर खरीदी गई। अपनी उपज का अच्छा मूल्य मिलने पर किसान भाइयों के चेहरे पर खुशी एवं संतोष दिखाई दिया। मंडी में उपस्थित किसानों और व्यापारियों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक, नपाध्यक्ष एवं महंत श्री ने भी अपनी अपनी ओर से बोली लगाकर व्यापारियों के लिए उपज खरीदी। जिससे आज मुहुर्त खरीदी के दिन सभी तरह की उपज लेकर आए किसानों को अच्छे भाव मिले।

रूकमणि दीदी ने बताया भाईदूज का महत्व

सेवा केंद्र पर भाई दूज मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र पर भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें रुक्मणी दीदी ने भाई दूज का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि दीपावली पर्व के बाद भाई दूज का पर्व मनाया जाता है जिसमें बहन भाई की लंबी उम्र के लिए भाई को तिलक लगाकर ईश्वर से प्रार्थना करती है। हमने भक्ति मार्ग में भगवान को कहा त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धु च सखा त्वमेव, भावार्थ यह है कि भगवान को माता-पिता तो माना ही, सखा और भाई भी माना। एक समय था जब हम आत्माएं और बंधु रूप परमात्मा इकट्ठे एक ही घर परमधाम में रहते थे। हम सभी मनुष्य आत्माओं के परमात्मा पिता का ही दूसरा नाम यमराज भी है हम उसे बंधु रूप में याद करते हैं। इस पर्व के संबंध में एक कथा प्रचलित है कहते हैं यमुना और यम दोनों बहन भाई थे। यम को यमपुरी में आत्माओं के कर्मों के हिसाब किताब देखने और कर्म अनुसार फल देने की सेवा मिली यमुना अपने भाई यम को घर आने का निमंत्रण देती रहती थी। यमराज को रोज ही आत्माओं का लेखा-जोखा करना होता था। एक दिन भाई आने को वचनबद्ध हो गया। भाई को घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना ना रहा बड़े ही प्यार से शुद्धिपूर्वक उन्हें भोजन करवाया। बहन के निश्चल स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने वर मांगने को कहा यमुना ने कहा मैं सब रीति से भरपूर हूं मुझे कोई कामना नहीं है यम ने कहा बिना कुछ दिए में जाना नहीं चाहता बहन ने कहा हर वर्ष इस दिन आप मेरे घर आकर भोजन करें मेरी तरह जो भी बहन अपने भाई को स्नेह से बुलाए स्नेह से सतकार करें उसे आप सजाओं से मुक्त करें। यमराज ने तथास्तु कहा और यमुना को वस्त्र आभूषण देकर वापस लौट आए। इस प्रकार यह त्यौहार परमात्मा के साथ बन्धु का नाता जोड़ने और निभाने का यादगार है।

श्रद्धा और स्नेह के साथ मना यम द्वितीया और भाई दूज पर्व



गंजबासौदा। बुधवार को नगर में दो पावन पर्व एक साथ मनाए गए। एक तरफ भगवान चित्रगुप्त की पूजा की गई, तो दूसरी तरफ भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व भाई दूज मनाया गया। देव नगरी बहलोट स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में छप्पन भोग के साथ कथा, पूजा अर्चना के बाद आरती की गई। वही घर-घर में बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। देव नगरी बहलोट स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में सभी के पाप पुण्य का लेखा जोखा रखने वाले कायस्थों के आराध्य भगवान चित्रगुप्त की समाजजनों ने छप्पन भोग के साथ कथा, हवन आरती कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसादी वितरित की गई। भगवान चित्रगुप्त को कलम-दवात का देवता माना जाता है। मान्यता है कि वे मनुष्य के कर्मों का हिसाब रखते हैं। इस अवसर पर राजेश माथुर, समाज अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव, ब्रजकिशोर श्रीवास्तव, कैलाश नारायण श्रीवास्तव, गोविंद श्रीवास्तव, दीपक निगम, अशोक श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, अभिनय श्रीवास्तव ,प्रियंका श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव सहित समाजबंधु उपस्थित थे।

लोगों को मोबाइल के लिए समय है, रामायण पढ़ने के लिए नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वेदांत आश्रम में चल रहे सत्संग के दौरान संत हरिहर दास महाराज ने कहा कि आज के दौर में लोग अपने घरों में महंगे से महंगे टीवी और मोबाइल जैसी आधुनिक सुविधाएं जुटाने के लिए तो तत्पर रहते हैं, लेकिन घर में रामायण रखने और उसके दोहे पढ़ने के लिए समय नहीं निकाल पाते। यही कारण है कि धीरे-धीरे समाज में संस्कारों का अभाव दिखाई देने लगा है। न तो बड़ों के प्रति पहले जैसा मान-सम्मान रह गया है और न ही छोटों के प्रति सम्मान और स्नेह का भाव दिखाई देता है। रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला संस्कारों का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि रामायण हमें मर्यादा, प्रेम, त्याग, सेवा और पारिवारिक संबंधों के महत्व का बोध कराती है। यदि प्रत्येक परिवार रामायण में बताए गए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाए तो परिवारों में प्रेम, आपसी सद्भाव और समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है। संत हरिहर दास महाराज ने भगवान श्रीराम के चरित्र और रामायण की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि रामायण समुद्र के समान अनंत है। अनेक कवियों और संतों ने अपनी-अपनी भावनाओं और शैली में रामकथा को प्रस्तुत किया है, लेकिन सभी का मूल उद्देश्य मानव कल्याण और मनुष्य को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना है। भगवान श्रीराम का चरित्र हमें जीवन के प्रत्येक रिश्ते और जिम्मेदारी को मर्यादा के साथ निभाने की सीख देता है। तीर्थ का अर्थ समझाते हुए उन्होंने कहा कि तीर्थ वह होता है, जो स्वयं भवसागर से पार हो और दूसरों को भी पार होने का मार्ग दिखाए। संत-महात्मा चलते-फिरते तीर्थ के समान होते हैं। जहां संतों का वास होता है, वह भूमि भी उनके सानिध्य से पवित्र होकर तीर्थ के समान बन जाती है।

गौमाताओं का पूजन कर अर्पित किया गौग्रास, श्रद्धालुओं ने की भगवान गोवर्धन की परिक्रमा, अन्नकूट अर्पित किया

श्री कामधेनु गौशाला में श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ गोवर्धन पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

न्यू बस स्टैंड स्थित पालीवाल कोठी परिसर की श्री कामधेनु गौशाला में गोवर्धन पूजा महोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला परिसर में गोबर से भगवान गोवर्धन की भव्य प्रतिकृति बनाई गई, जिसका विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम में गौशाला समिति के सदस्यों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों और बड़ी संख्या में गौभक्तों ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

गौशाला के पुरोहित मेघराज शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। इस दौरान भगवान गोवर्धन का आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा विभिन्न प्रकार के अन्नकूट व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। गौशाला के अध्यक्ष एवं संरक्षक पं. प्रशांत पालीवाल (चुन्नू भैया) ने गौमाताओं का पूजन कर उन्हें गौग्रास अर्पित किया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान गोवर्धन की आरती कर सामूहिक परिक्रमा की और गौशाला में निवासरत सैकड़ों गायों को गौग्रास खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत श्री हनुमान दास गुरुजी का सानिध्य



प्राप्त हुआ। वहीं विश्व हिंदू परिषद के राकेश सक्सेना, वरिष्ठ अधिवक्ता कांशीराम रघुवंशी, प्रखंड अध्यक्ष अविनाश अग्रवाल, बजरंग दल के जिला संयोजक जगदीश शाक्य, जिला पंचायत सदस्य नीलम यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पं. प्रशांत पालीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गोवर्धन पूजा को सरकारी स्तर पर आयोजित करने की पहल प्रकृति, पर्यावरण और गौसंरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला सराहनीय कदम है।

उन्होंने गौशालाओं में गौमाताओं के भरण-पोषण के लिए मिलने वाली सहायता राशि 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति गाय किए जाने को भी गौसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को गोपालन के लिए आगे आना चाहिए। किसान यदि अपने घर पर दो गायों का पालन भी करें तो सड़कों पर बेसहारा घूमने वाले गौवंश की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आखिर में महंत जी सदस्यों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों और बड़ी संख्या में गौभक्तों का शाल श्री फल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रिंकू सोनी, चारु सोनी, अनिल राठौर, रामबाबू कुशवाह, रोहित यादव, परमार यादव, सोनू विश्वकर्मा, गौरव जड़िया, जगदीश कोली, बलवंत पाल, जुगराज कोरव, देवेंद्र शर्मा, शैलेन्द्र रजक, आदेश बड़सरे सहित अनेक गौभक्त एवं नागरिक मौजूद रहे। अंत में पं. प्रशांत पालीवाल ने अतिथियों एवं गौभक्तों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

खबर संक्षेप

गांजा लेकर खड़ा 65 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

सागर। मोतीनगर थाना पुलिस ने अवैध गांजा बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 65 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 800 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 8 हजार रुपए है, जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 10 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मछरयाई क्षेत्र में शीतला माता मंदिर के पास रहने वाला सुरेश शाक्य घर के बाहर गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की और आरोपी सुरेश पिता स्व. रामचरन शाक्य (65), निवासी मछरयाई को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

आंगनबाड़ी केंद्र वागराज वार्ड का किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने आंगनबाड़ी, वागराज वार्ड सागर केन्द्र क्रं.-79, सागर शहरी-01 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र पर पंजीकृत बच्चों की संख्या, उपस्थिति रजिस्टर और पोषण ट्रैकर ऐप में एंट्री की जानकारी ली।

दीपावली की पड़वा और भाईदूज पर वर्षों से निभाई जा रही परंपरा

मुकाबले को लेकर उत्साह, पड़ों की लड़ाई देखने के लिए उमड़ता है हजारों का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली कई ऐसी परंपराएं हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही हैं। इन्हीं में से एक अनोखी और चर्चित परंपरा विदिशा जिले की तहसील सिरोंज में देखने को मिलती है। यहां दीपावली की पड़वा और भाई दूज के अवसर पर होने वाली पाड़ों की लड़ाई वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है। इस आयोजन को देखने के लिए न केवल सिरोंज नगर, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। कई स्थानों पर तो पांच हजार से अधिक लोगों की भीड़ एकत्रित हो जाती है।

दीपावली का त्योहार जहां खुशियों, उत्साह और आपसी मेल-मिलाप का प्रतीक है, वहीं सिरोंज में त्योहार के इन दिनों में पाड़ों की लड़ाई को लेकर भी लोगों में विशेष उत्सुकता रहती है। दीपावली की पड़वा आते ही लोगों के बीच चर्चा शुरू हो जाती है कि इस बार किसका पाड़ा मैदान में उतरेगा, किस पाड़े का मुकाबला किससे होगा और आखिरकार जीत किसकी होगी। इस मुकाबले को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह देखने को मिलता है। जैसे ही किसी स्थान पर पाड़ों की लड़ाई होने की खबर फैलती है, वैसे ही वहां लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है।

महीनों पहले से लाखों रुपये खर्च कर तैयार किए जाते हैं पाड़े



महीनों पहले से शुरू हो जाती है तैयारी

इस परंपरा को लेकर यादव समाज के कई परिवारों में महीनों पहले से तैयारियां शुरू हो जाती हैं। अच्छे नस्ल और मजबूत कद-काठी वाले पाड़ों की तलाश की जाती है। कई लोग लाखों रुपये खर्च कर पाड़े खरीदते हैं और उनकी विशेष देखभाल करते हैं। उनके खान-पान, स्वास्थ्य और शारीरिक मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पाड़ों को तैयार करने में समय, मेहनत और बड़ी धनराशि खर्च की जाती है। यही कारण है कि दीपावली और भाई दूज के अवसर पर होने वाले इन मुकाबलों को लेकर पशुपालकों के साथ-साथ दर्शकों में भी काफी उत्सुकता रहती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी रहता है खासा उत्साह

सिरोंज नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी इस परंपरा का विशेष महत्व है। गांवों में रहने वाले लोग भी अपने-अपने पाड़ों को लेकर उत्साहित रहते हैं। मुकाबले की जानकारी मिलते ही लोग अपने कामकाज छोड़कर आयोजन स्थल की ओर पहुंच जाते हैं। कई बार इतनी अधिक भीड़ जमा हो जाती है कि आयोजन स्थल के आसपास लोगों को खड़े होने तक की जगह नहीं मिलती। लोगों के बीच पाड़ों की ताकत, उनके आकार और मुकाबले को लेकर चर्चाएं होती रहती हैं। इस तरह यह परंपरा त्योहार के उत्साह के साथ स्थानीय जनजीवन का भी हिस्सा बन चुकी है।

परंपरा के साथ पशु सुरक्षा पर भी हो चर्चा

हालांकि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और स्थानीय स्तर पर इसका अपना सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, लेकिन बदलते समय के साथ इसे लेकर अलग-अलग विचार भी सामने आते हैं। पशु प्रेमियों और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील लोगों के मन में ऐसे आयोजनों के दौरान पशुओं की सुरक्षा और उनकी शारीरिक स्थिति को लेकर चिंताएं हो सकती हैं। किसी भी परंपरा का वास्तविक महत्व तभी बना रह सकता है, जब उसमें संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भी ध्यान रखा जाए। परंपराओं को सहेजने के साथ यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि पशुओं को किसी प्रकार की अनावश्यक चोट, प्रताड़ना या नुकसान न पहुंचे। आयोजन के दौरान पशु चिकित्सकों की निगरानी, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और पशु कल्याण से जुड़े नियमों का पालन किया जाना चाहिए। सिरोंज की पड़ों की लड़ाई की परंपरा आज भी लोगों के बीच चर्चा और आकर्षण का विषय बनी हुई है। दीपावली के इन दिनों में हजारों लोगों की मौजूदगी इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय परंपराओं से लोगों का जुड़ाव कितना गहरा है। जरूरत इस बात की है कि वर्षों पुरानी इस पहचान को सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से आगे बढ़ाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी सिरोंज की इस अनोखी परंपरा के बारे में जान सकें।

श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया अन्नकूट महोत्सव, भगवान श्रीकृष्ण को लगाया छप्पन भोग

गोवर्धन पूजा पर मंदिरों में हुए विशेष आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

वरिष्ठ समाजसेवी संजय सोनी ने कहा अन्नकूट महोत्सव एवं गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा उन्हें विभिन्न प्रकार के पकवानों, मिठाइयों और व्यंजनों से तैयार छप्पन भोग अर्पित किया गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्रदेव के प्रकोप से बचाने के लिए अपनी कनिष्ठ उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाया था। इसी दिव्य लीला की स्मृति में प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतीकात्मक आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा की जाती है। मंदिरों में भजन-कीर्तन एवं आरती के साथ भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसादी का वितरण किया जाता है। अन्नकूट महोत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, अन्न और गौमाता के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें अन्न का सम्मान करने, भोजन की बर्बादी रोकने और जरूरतमंदों की सेवा करने की प्रेरणा देता है। पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिलता है।

सहकारी दुग्ध समिति के समारोह में महेंद्र यादव ने बताई पशुपालकों की अहमियत

दूध उत्पादकों को बांटा बोनस और उपहार अतिथियों ने किया पशुपालकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

दूध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित रुसल्ली के तत्वावधान में दूध प्रदायकों के लिए बोनस एवं उपहार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र राज्य सहकारी अपेक्स बैंक के प्रशासक एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त महेंद्र सिंह यादव, अध्यक्षता विधायक एवं पूर्व मंत्री सूर्यप्रकाश मीणा तथा विशिष्ट अतिथि भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण जोशी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। पशुपालकों की मेहनत से ही दुग्ध व्यवसाय आगे बढ़ता है। सहकारी समितियों का उद्देश्य किसानों और पशुपालकों को उनकी मेहनत का



उचित लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन बढ़ाने के साथ पशुओं के स्वास्थ्य, बेहतर नस्ल और गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन पर भी ध्यान देना जरूरी है। विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन रोजगार और आय का महत्वपूर्ण साधन है।

सरकार पशुपालकों को सहकारी समितियों से जोड़कर दुग्ध व्यवसाय को प्रोत्साहित करने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथि प्रवीण जोशी ने दुग्ध संघ की गतिविधियों और सहकारी व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दुग्ध उत्पादकों को गुणवत्ता बनाए रखने तथा अधिक से अधिक लोगों को दुग्ध सहकारी समिति से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष उर्मिला यादव, सचिव राकेश यादव, भाजपा नेता राजेश यादव, गजेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद धाकड़, हरि सिंह सहित बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक, पशुपालक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

खाद वितरण में कोताही पर उपसंचालक कृषि और जिला विपणन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

लचर मॉनिटरिंग और समय पर गोदाम न खुलने पर 3 दिन में मांगा लिखित जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खाद वितरण केंद्रों की लचर मॉनिटरिंग और समय पर गोदाम न खुलने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर उप संचालक (किसान कल्याण तथा कृषि विभाग) राजेश त्रिपाठी एवं जिला विपणन अधिकारी रोहित बघेल दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशों के परिपालन में 10 नवंबर को दोपहर अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं जिला उर्वरक निरीक्षक सागर द्वारा खुरई रोड स्थित न्यू गल्ला मंडी के मार्कफेड गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान गोदाम बंद पाया गया और वरिष्ठ क्षेत्र सहायक (गोदाम प्रभारी) राजाराम सोनी भी मौके से अनुपस्थित मिले। इस दौरान परेशान किसानों ने अधिकारियों को मोबाइल पर संपर्क किया और सेंटर न खुलने तथा जनरेटेड टोकन की पर्ची शेयर कर अपनी समस्या दर्ज कराई। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि कृषि विभाग के उप संचालक राजेश त्रिपाठी तथा जिला विपणन अधिकारी द्वारा खाद विक्रय केंद्रों के खुलने और सुचारू वितरण की उचित मॉनिटरिंग नहीं की जा रही थी। शासन द्वारा खाद वितरण हेतु गोदाम खुलने का समय प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसके पालन में घोर लापरवाही और उदासीनता बरती गई। शासकीय कर्तव्य निर्वहन में उदासीनता और आचरण को पदीय दायित्वों के प्रतिकूल मानते हुए कलेक्टर कार्यालय द्वारा दोनों अधिकारियों को 3 दिवस के भीतर स्वयं समक्ष उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर परिषद बंडा के उपयंत्री आकाश राठौर निलंबित

सागर। कमिश्नर सागर संभाग दिलीप कुमार ने नगर परिषद बंडा के उपयंत्री आकाश राठौर को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। निबलंन आदेशानुसार उपयंत्री आकाश राठौर द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना निर्माण योजना, कायाकल्प योजना (बरा चौराहा), प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0, अमृत 2.0 योजना, ओएसटी फिल्टर निर्माण, एसडीआरएफ योजना के विभिन्न कार्यों, मुख्य मार्गों के सौंदर्यीकरण, नगर के विभिन्न स्थानों पर फुटपाथ निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त कायाकल्प योजना के अंतर्गत बरा चौराहे के सौंदर्यीकरण कार्य के संबंध में नगर परिषद की परिषद के संकल्प क्रमांक 14, दिनांक 8 जुलाई 2026 के अनुसार भी संबंधित द्वारा कोई कार्यवाही प्रस्तावित नहीं की गई।



रुद्राक्ष धाम में श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ भव्य गोवर्धन पूजन, उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

सागर। श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी महाराज के सानिध्य में मंगलवार को श्री रुद्राक्ष धाम मंदिर परिसर में भव्य गोवर्धन पूजन, अखंड रामायण पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र अविराज सिंह रहे। आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान श्री राधा-कृष्ण के समक्ष गोवर्धन पूजन किया और परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में गौमाता के गोबर से गोवर्धन पर्वत का विशाल स्वरूप तैयार किया गया। इसके लिए भूपेन्द्र सिंह की निजी गौशाला से चार ट्रॉली गोबर लाया गया था। गोवर्धन स्वरूप को आकर्षक ढंग से सजाकर शीर्ष पर भगवान बांके बिहारी की प्रतिमा स्थापित की गई। भूपेन्द्र सिंह, अविराज सिंह एवं काजल सिंह ने विधि-विधान से पूजन और आरती की। श्रद्धालुओं ने गुलाब की पंखुड़ियां अर्पित कर अपनी आस्था व्यक्त की। इसके बाद प्रसादी वितरण और आतिशबाजी हुई। आयोजन के पूर्व मंदिर परिसर में एक हजार से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए गए। गोपालगंज की मंडली ने बुंदेली भजनों और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। अखंड रामायण पाठ का 11 नवंबर को समापन हो गया।

ब्रजभाषा के अंतिम कवि गोवर्धन लाल 'श्याम' की 147वीं जयंती मनाई

विदिशा साहित्य परिषद ने किया काव्यपाठ और विचार गोष्ठी का आयोजन, कवियों ने रचनाओं से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

साहित्य परिषद के तत्वावधान में संस्था के प्रथम अध्यक्ष एवं रीतिकालीन ब्रजभाषा के अंतिम कवि स्वर्गीय गोवर्धन लाल 'श्याम' की 147वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

श्री हरि वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में विचार गोष्ठी और काव्यपाठ के माध्यम से साहित्यकारों ने उनके व्यक्तित्व और साहित्यिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि कालूराम पथिक ने की। मुख्य



अतिथि जैन कॉलेज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शीलचंद पालीवाल तथा विशिष्ट अतिथि बुंदेली कवि गोवर्धन राजोरिया, समीक्षक सुलखान सिंह हाड़ा और वृद्धाश्रम संचालक वेदप्रकाश शर्मा रहे। संचालन डॉ. शैलेन्द्र भावसार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत गायक प्रदीप जैन 'पारस' ने सरस्वती वंदना और स्वर्गीय श्याम के छंदों के गायन से की। इसके बाद कवि कोमल सिंह 'कोमल', हबीब नादा, मास्टर चांद साहब, संतोष शर्मा 'सागर', अरुण सोनी, अपूर्वा भावसार, उदय ढोली और डॉ. श्रीकांत रिंगे सहित अन्य रचनाकारों ने कविताएं और गजलें प्रस्तुत कीं। डॉ. शैलेन्द्र भावसार ने बेटियों को समर्पित रचना 'मान, सम्मान, अभिमान है बेटी, सरस्वती, लक्ष्मी का वरदान है बेटी' सुनाकर श्रोताओं की सराहना बटोरी। वक्ताओं ने गोवर्धन लाल 'श्याम' के साहित्यिक अवदान और विदिशा साहित्य परिषद के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। अंत में डॉ. भावसार ने आभार व्यक्त किया।

किसानों को रबी सिंचाई के लिए समय पर पानी उपलब्ध हो : विधायक वीरेन्द्र सिंह

सागर। वर्ष 2026-27 के लिए जलाशयों में वर्तमान जलभराव की स्थिति और रबी सिंचाई के लक्ष्य निर्धारण के संबंध में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जलाशयों के उद्देश्य, वर्तमान जलभराव, विभिन्न सिंचाई योजनाओं व परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही, रबी फसलों की सिंचाई और पेयजल के लिए जल आरक्षण पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी संबंधित जलाशयों के गेट खोलकर सिंचाई के वास्ते पानी छोड़ने के निर्देश दिए गए। बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह ने निर्देशित किया कि किसानों को रबी सिंचाई हेतु समय पर पर्याप्त पानी मिलना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए नहरों की समय पर साफ-सफाई कराने और निर्धारित सिंचाई कार्यक्रम के मुताबिक नहरें संचालित करने पर जोर दिया गया, जिससे किसानों को खेतों तक पानी पहुँचाने में किसी तरह की असुविधा न हो।



सद्भावना शाखा अ.भा.व. दिगं. जैन महिला परिषद द्वारा बाघराज मंदिर में लाडू समर्पण

सागर। वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के 255 वें निर्वाणोत्सव के शुभ अवसर पर अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद सद्भावना शाखा, शुभकामना परिवार सद्भावना शाखा एवं श्री सद्भावना पार्श्वनाथ पाठशाला बाघराज द्वारा सामूहिक रूप से 5 लाडू समर्पित किए गए। इस अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बाघराज प्रबंधकारिणी, पाठशाला की शिक्षिकाएं, संयोजक, संचालक, पाठशाला के बच्चे एवं सर्व समाज महिला पुरुष बच्चे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अभिषेक, शांति धारा के उपरांत संगीतमय पूजन, निर्वाण कांड का वाचन के साथ लाडू समर्पित किए। आचार्य विराग सागर महाराज के आचार्य पदारोहण दिवस एवं आचार्य श्री विभवसागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर विशेष पूजन भी संपन्न हुई। सांयकाल 48 दीपों से भक्तामर जी पाठ एवं महाआरती संपन्न हुई। प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष की अध्यक्ष रश्मि- आलोक जैन ने वृहद लाडू निर्मित किया। इस अवसर पर हमारे परिवार से इंजी. दीपक धुड़े, मृदुला, पावनी पुणे, अवनी जैन दिल्ली ने भी अभिषेक, शांतिधारा की एवं नवीन पाठशाला हेतु दान की घोषणा की।

सोमवार रात हुए हंगामे से अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे डॉक्टर

जिला अस्पताल के 33 रेजिडेंट डॉक्टरों ने काम किया बंद, सुरक्षा की मांग को लेकर सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला अस्पताल में प्रसूता की मौत के बाद हुए हंगामे और तोड़फोड़ का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के दो दिन बाद अस्पताल के 33 रेजिडेंट डॉक्टरों ने सुरक्षा का हवाला देते हुए काम बंद कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में ड्यूटी के दौरान उनके साथ मारपीट की कोशिश की गई। ऐसे माहौल में बिना पर्याप्त सुरक्षा के काम करना संभव नहीं है।

इसी घटना के विरोध में 33 रेजिडेंट डॉक्टरों ने सिविल सर्जन डॉ. अनिल ओढ़ को पत्र सौंपकर काम बंद करने की जानकारी दी है। डॉक्टरों ने पत्र में कहा है कि अस्पताल में ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। मरीजों का इलाज करते समय यदि डॉक्टरों के साथ मारपीट की कोशिश होगी तो वे भयमुक्त होकर काम कैसे कर पाएंगे। डॉक्टरों ने मांग की है कि अस्पताल में उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए और हंगामा करने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती और आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक वे सामान्य रूप से काम करने की स्थिति में नहीं हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों को भेजेंगे पत्र, जल्द समाधान का प्रयास

इस मामले में सिविल सर्जन डॉ. अनिल ओढ़ ने बताया कि रेजिडेंट डॉक्टरों ने सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने की बात कहते हुए काम बंद किया है। उन्होंने इस संबंध में उन्हें पत्र सौंपा है। डॉक्टरों की मांग और अस्पताल में बनी स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जल्द ही इस मामले का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा, ताकि अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य हो सकें। घटना के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टरों ने सुरक्षा का माहौल मिलने तक काम नहीं करने की चेतावनी दी है।

डॉक्टरों ने की हंगामा करने वालों पर एफआईआर की मांग



यह है पूरा मामला

दो दिन पहले शहर के तालाब मोहल्ला वार्ड 9 निवासी जिला अस्पताल में 8 माह की गर्भवती प्रसूता रितु वर्मा उम्र 35 वर्ष की मौत हो गई थी। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। आरोप है कि गुस्साए परिजनों ने जिला अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ की और एक रेजिडेंट डॉक्टर के साथ मारपीट करने की कोशिश की। करीब चार से पांच घंटे तक जिला अस्पताल में तनाव और हंगामे की स्थिति बनी रही।

इस घटनाक्रम के बाद से ही जिला अस्पताल के डॉक्टरों में डर एवं असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता नहीं होती, वे इस माहौल में काम नहीं कर पाएंगे।

इनका कहना है

मृतका रितु वर्मा के परिजनों के मैंने बारी बारी से बयान दर्ज कर लिए हैं। जल्द ही जांच कार्रवाई पूरी कर अग्रिम कार्रवाई के लिए कलेक्टर को जांच प्रतिवेदन सौंप दिया जाएगा।
- **मनोज उपाध्याय,** एडीएम रायसेन

जिला अस्पताल के 33 डॉक्टरों की टीम ने मुझे ज्ञापन देकर ऑन ड्यूटी पूरे टाइम पुलिस सुरक्षा की मांग की है। उनकी मांग भी जायज है। कभी कभार चिकित्सकों से भी गलती हो जाती है।
- **डॉ अनिल ओढ़,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल रायसेन।

कम से कम ड्यूटी के दौरान तो जिला अस्पताल परिसर में डॉक्टरों, स्टाफ को पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। तभी डर और असुरक्षा का तनाव खत्म होगा।
- **डॉ बीएल आर्य,** हड्डी रोग स्पेशलिस्ट।



सीएमएचओ को हटाने पर अड़े समर्थक

दोषियों पर कार्रवाई को लेकर आमरण अनशन पर बैठे परिजन और समर्थक

शहर के तालाब मोहल्ला वार्ड नंबर 9 निवासी रितु वर्मा की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर परिजनों और उनके समर्थकों का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। महात्मा गांधी प्रतिमा के समीप भाई दूज के दिन बुधवार को अनशन स्थल पर गम और गुस्सा दोनों दिखा।

समर्थकों का कहना है कि कार्रवाई तो होती है, परन्तु छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर इतिश्री कर ली जाती है। हमारी मांग है कि मुख्य रूप से उन लोगों पर कार्रवाई होना चाहिए, जो दोषी है। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ दिनेश खत्री जब से पद पर पदस्थ हुए है, तब से अस्पताल का माहौल खराब हुआ है। क्योंकि उनकी किसी भी कर्मचारी पर लगाम नहीं है, उन्होंने मांग की है सीएमएचओ दिनेश खत्री को तत्काल प्रभाव से सीएमएचओ पद से हटाया जाए।

मृतका के भाई आशु वर्मा का आरोप है कि कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन एक दिन बीतने के बाद भी बड़े आरोपियों पर हाथ नहीं डाला गया है। वहीं मौके पर एसडीएम मनोज शर्मा भी परिजनों को समझाने पहुंचे। परिजनों ने साफ कहा कि जब तक मुख्य आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती, यह अनशन खत्म नहीं होगा।



आवेदक काटता रहा दफ्तरों के चक्कर

दो साल लटकाया फौती नामांतरण पटवारी मेहरा की रोकी वेतन वृद्धि

कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई, परिवीक्षा अवधि भी एक साल बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

आम नागरिकों के राजस्व संबंधी प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। दो साल तक फौती नामांतरण का प्रकरण लंबित रखने वाले पटवारी पर कलेक्टर रोहित सिसोनिया के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। पटवारी लोकेश मेहरा की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के साथ ही उनकी परिवीक्षा अवधि भी एक साल बढ़ा दी गई है।

मामला ग्राम सुनेटी निवासी गोकुल से जुड़ा है। उन्होंने 1 नवंबर 2026 को ग्राम गजंदा में आयोजित शिविर में आवेदन देकर शिकायत की थी कि मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के बावजूद ग्राम समनापुर के पटवारी हल्का नंबर-07 के पटवारी लोकेश मेहरा ने पिछले दो साल से फौती नामांतरण की कार्रवाई नहीं की। इसके चलते उनका प्रकरण लंबे समय से अटका हुआ था।

कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को आमजन से प्राप्त आवेदनों और प्रकरणों का प्राथमिकता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि राजस्व संबंधी मामलों और शासकीय सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नागरिकों को समय पर राहत दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। लापरवाही करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर की सख्त कार्रवाई, कहा- राजस्व मामलों में लेट लतीफी बर्दाश्त नहीं

फौती नामांतरण में लापरवाही बरतना पटवारी को महंगा पड़ गया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सजा दी। इस लापरवाही के मामले में 2 नवंबर को पटवारी लोकेश मेहरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। पटवारी द्वारा दिया जवाब संतोष जनक नहीं पाया। जांच में फौती नामांतरण के मामले में गंभीर लापरवाही सामने आने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की गई है। इसके तहत पटवारी की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने और निर्धारित परिवीक्षा अवधि में एक साल की वृद्धि करने के आदेश जारी किए हैं।

दूज के मुहूर्त पर मंडी में नई फसल की खरीदी शुरू, कांटों की पूजन की

धान 6161 और चना 7501 रुपए क्विंटल बिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

बुधवार को दूज के शुभ मुहूर्त पर कृषि उपज मंडी सिलवानी में व्यापारियों ने कांटों की पूजन कर नई फसल की खरीदी का शुभारंभ किया। खरीदी शुरू होते ही मंडी में रौनक दिखाई देने लगी। इस दौरान धान की बोली 6161 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गई, वहीं चना 7501 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा गया।

मंडी में आदिनाथ ट्रेडर्स के संचालक मनीष जैन ने किसान हलीम खान की धान की उपज के लिए 6161 रुपए प्रति क्विंटल की सर्वाधिक बोली लगाई। नई फसल के शुरुआती दौर में धान को मिले इस ऊंचे भाव ने किसानों का उत्साह बढ़ा दिया। बोली के दौरान मौजूद किसानों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।



सांसद मिश्रा के किसान विरोधी बयान पर कांग्रेसी-किसान हुए एकत्रित

कांग्रेसियों ने जलाया सांसद मिश्रा का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

रीवा के भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा किसानों के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी बयान पर कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं ने विरोध कर नारेबाजी की और पुतला जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। मिश्रा के बयान को किसान विरोधी मानसिकता बदलते हुए भाजपा से उन्हें बाहर किए जाने की मांग भी की गई।

बेतुका बयानः कांग्रेसी नेता राजीव पालीवाल ने कहा कि सांसद जनार्दन मिश्रा का बयान किसानो की मेहनत परिश्रम के लिए शर्मनाक और बेतुका बतलाते हुए कड़ी आलोचना की।

किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रंजीत रघुवंशी सहित भारी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी नेता और ग्रामीण क्षेत्र से आए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं किसानो की पुतला दहन के दौरान उपस्थित रही।



बोले- रीवा सांसद किसानों से मांगें माफी

किसानों की मेहनत का मजाक उड़ाने वाले बयान पर भड़के जाफरी

सलामतपुर। संसद में किसानों की मेहनत और उनके संघर्ष को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर बुधवार को सलामतपुर में मीडिया से बातचीत में किसान जागृति संगठन के प्रमुख इरफान जाफरी ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने रीवा सांसद के बयान की आलोचना करते हुए उनसे देश और करोड़ों किसानों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। जाफरी ने कहा कि किसान के श्रम और पसीने का उपहास उड़ाना न केवल अन्नदाता का अपमान है, बल्कि देश के कृषि तंत्र और मेहनतकश वर्ग के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा है।

इरफान जाफरी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पुरानी कहावत है- "करी ना खेती पड़े न फंद, क्या जाने मूसर चंद।" इसका अर्थ है कि जिसने कभी खेती की वास्तविक कठिनाइयों को महसूस ही नहीं किया, वह किसान के संघर्ष और उसकी परेशानियों को कैसे समझ सकता है। उन्होंने कहा कि संसद में बैठकर किसानों की मेहनत पर सवाल उठाने वालों को पहले खेती की जमीनी हकीकत समझनी चाहिए।

भाई दूज की रात भरी चंडी माता की मढ़ई ढालों के साथ आए ओझा पंडों का किया सम्मान

राज्यमंत्री ने चंडी माता मंदिर के लिए 15 लाख देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बुंदेली एवं आदिवासी लोक परंपरा में भाई दूज को मढ़ई भरने चंडी माता की पूजन और ढालों के साथ नृत्य की प्राचीन परंपरा बनी हुई है। नदी रोड पर चंडी माता की मढ़ई भरी जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से आए ओझा पंडो का हिंदू उत्सव समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी के साथ आदिवासी समाज के लोगों के साथ अन्यों की भारी उपस्थिति रही।

लोक संस्कृति की परंपरा

नदी रोड पर दशकों से चंडी माता की मढ़ई भरती आ रही है। प्रांगण में चंडी माता की अस्थाई स्थापना की गई ग्रामीण क्षेत्र से



ढाले लेकर आए ओझा पंडो ने चंडी माता की परिक्रमा नृत्य के साथ की। मढ़ई में मेला जैसा दृश्य बना रहा। लोगों द्वारा मढ़ई में खरीददारी भी की जाती रही। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश बबेल एवं पदाधिकारी नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा ओझा पंडो का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री पटेल व्यस्तता के कारण नहीं आ पाए वर्चुअल संबोधन में सभी को भाई दूज एवं चंडी माता मढ़ई की बधाई देते हुए सुख समृद्धि की कामना की। चंडी माता मंदिर के लिए 15 लाख की राशि देने की घोषणा राज्य मंत्री पटेल द्वारा की गई।

श्री चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त व कलम-दवात की पूजा-अर्चना की गई

मंदिर के शेष निर्माण कार्यों को पूरा करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भाई दूज के अवसर पर श्री चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त एवं कलम-दवात का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से पूजा में भाग लिया और भगवान चित्रगुप्त से समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। धार्मिक वातावरण में आयोजित पूजन कार्यक्रम में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

पूजन-अर्चन के बाद सामाजिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। इसमें समाज की एकजुटता बनाए रखने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा सामाजिक और धार्मिक आयोजनों को नियमित रूप से संचालित करने पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित समाजजनों ने मंदिर को सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाने और आपसी सहयोग से समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

बैठक में कायस्थ महासभा के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सक्सेना ने बताया की श्री चित्रगुप्त मंदिर में शेष निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने का भी निर्णय लिया गया। इसके लिए दिसंबर माह से समाज के लोगों के बीच वार्षिक सहयोग राशि एकत्र करने की शुरुआत की जाएगी।

समाजजनों ने निर्माण कार्यों को पूरा कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने और सामूहिक सहयोग से मंदिर को व्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाने पर सहमति जताई।



भाई दूज : बहनों ने भाई के ललाट पर लगाया तिलक, उत्साह से मनाया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/सिलवानी

नगर सहित जिले भर में भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह का पर्व भाई दूज बुधवार को उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

पर्व पर भाई को तिलक किए जाने को लेकर बहनों में उत्साह व उमंग देखा गया। शुभ मुहुर्त में बहनों ने भाई दूज की पूजन की। चौक बना कर भाई को बैठाया तथा ललाट पर तिलक लगाकर सफल जीवन की कामना की।

भाई दूज के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व के बारे में वेदाचार्य महाराज रामकृपालु उपाध्याय ने बताया कि यह पर्व दीपावली के दो दिन बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है, इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार सूर्यदेव के पुत्र यमराज और पुत्री यमुना भाई-बहन थे। एक बार यमराज अपनी बहन यमुना के घर पहुंचे। यमुना ने उनका तिलक कर आरती उतारी और प्रेमपूर्वक भोजन कराया। बहन के स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि इस दिन बहन के हाथों तिलक करवाने वाले भाई को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा। तभी से भाई दूज मनाने की परंपरा प्रचलित हुई।



ग्रामीणों को उम्मीद- सड़क चौड़ी होने से थमेगा हादसों का सिलसिला

भोपाल-विदिशा हाईवे पर जल्द शुरू होगा फोरलेन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे-18 से गुजरने वाले वाहन चालकों और ग्रामीणों को अब राहत मिलने जा रही है। एमपीआरडीसी द्वारा करीब 45 किलोमीटर लंबे मार्ग को फोरलेन में तब्दील किए जाने के बाद अब सड़क निर्माण की उम्मीद भी बढ़ गई है। एमपीआरडीसी द्वारा हाईवे पर साफ-सफाई का काम शुरू करा दिया है। इसे सड़क निर्माण की तैयारियों की शुरुआत में देखा जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे पर रोजाना हो रहे हादसों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कई बार सड़क के गड्ढों और संकरे मार्ग के कारण वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। अब फोरलेन सड़क बनने से वाहनों को निकलने पर्याप्त जगह मिलेगी और टक्कर सहित अन्य दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि सफाई कार्य के बाद जल्द ही निर्माण कार्य भी शुरू होगा और वर्षों से बदहाल हाईवे की तस्वीर बदलेगी।



निर्माण शुरू होने का इंतजार

भोपाल के अयोध्या बायपास स्थित भानपुर टी-जंक्शन से सूखी सेवनिया, बालमपुर, दीवानगंज, सांची-सलामतपुर जंक्शन तक 44.83 किलोमीटर मार्ग को पक्के शोल्डर सहित फोरलेन बनाने की लागत करीब 1757.55 करोड़ रुपए बताई गई है, उक्त राशि स्वीकृत भी हो गई है।

ग्रामीणों की मांग है कि निर्माण कार्य में अब देरी नहीं की जाए। फोरलेन निर्माण तेजी से शुरू किया जाए, ताकि आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं से लोगों को राहत मिल सके।

भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के लिए गांवों में हो रही बैठक

अधिकारियों ने बताया कि बीच रोड से दोनों तरफ 15-15 मी यानी 50-50 फीट लिया जा रहा है। वहीं, बायपास निर्माण वाले क्षेत्रों में सड़क के मध्य से दोनों तरफ 22.5-22.5 मीटर जमीन अधिग्रहित की जाएगी। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को लेकर संबंधित ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों को परियोजना की जानकारी दी जा रही है।

3 स्थानों पर बनेंगे नए बायपास

फोरलेन परियोजना के तहत यातायात को सुगम बनाने 3 नए बायपास प्रस्तावित हैं। इनमें सुखी सेवनिया में 1.80 किलोमीटर, बेरखेड़ी में 1.35 किमी और सलामतपुर में 5.10 किमी लंबा बायपास बनाया जाएगा। इन बायपास से भारी वाहनों को आबादी वाले क्षेत्रों से बाहर निकालने में मदद मिलेगी।